## लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : गुप्ता

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं को मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में यमुनानगर निवासी मदन मोहन ने उपमंडल व तहसील परिसर छछरौली पर्यावरण से खिलवाड़ करने बारे व यमुनानगर निवासी बलवंत सिंह ने बिजली का ट्रांसफार्मर बदलने बारे समेत अन्य ने अपनी समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर निपटान कर दिया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है।


यमुनानगर। समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश।

### समस्या समाधान शिविरों में किया बदलाव

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, अधीक्षक उपायुक्त कार्यालय अतुल कुमार, समाधान शिविर के विशेष सदस्य नीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बकायादार 31 अगस्त तक जमा करवा सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स : बहमनी

*हरियाणा सरकार से प्रापर्टी धारकों को 75 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ प्रापर्टी टैक्स जमा करवाने की दी छूट*

*मेयर सुमन बहमनी ने निगम क्षेत्र के प्रापर्टी धारकों को सरकार की योजना का लाभ उठाए जाने के लिए किया आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बकाएदारों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने का सरकार ने एक और मौका दिया है। अब 31 अगस्त तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर प्रॉपर्टी टैक्स धारकों का 75 प्रतिशत ब्याज माफ होगा।



उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने दी है। उन्होंने निगम क्षेत्र के प्रापर्टी टैक्स के बकायादारों को सरकार की योजना का लाभ उठाए जाने के लिए आहवान किया है। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पहले एक जून से 30 जून तक एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर सौ प्रतिशत ब्याज माफी की योजना शुरू की थी। छूट का लाभ उठाते हुए एक जून से 30 जून तक नगर निगम में कर दाताओं ने लगभग 16 करोड़ 40 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स और एक करोड़ 46 लाख रुपये फायर टैक्स जमा करवाया गया। लेकिन फिर भी काफी बकाएदार प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवा सकें। जिन्हें योजना का लाभ देने के लिए सरकार ने अब प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी की छूट दी है। उन्होंने बताया कि एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी की योजना शुरू की गई है। जिसके अनुसार वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के प्रॉपर्टी टैक्स बकाया पर लगने वाले 75 प्रतिशत ब्याज को माफ किया गया है।

### 31 अगस्त के बाद ब्याज भी वसूला जाएगा

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ केवल उन्हीं करदाताओं को मिलेगा जो निर्धारित समय सीमा तक बकाया राशि जमा कराने के साथ साथ अपनी संपत्ति को स्वयं सत्यापित कराएंगे। मेयर सुमन बहमनी ने सभी प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों से अपील की है कि वे 31 अगस्त से पहले बिना ब्याज दिए अपना संपत्ति कर जमा कराएं। 31 अगस्त के बाद पूरे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा।

## सूरजकुंड मंदिर का करवाया जाएगा जीर्णोद्धार : घनश्याम


यमुनानगर। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सूरजकुंड मंदिर के जीर्णोद्धार करवाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- जिले के गांव अमादलपुर में स्थित है प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थल सूरजकुंड मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के गांव अमादलपुर में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सूरजकुंड मंदिर का जल्द ही जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। इस संबंध में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वीरवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर सूरजकुंड मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यकरण और क्षेत्र के विकास की मांग की। मौके पर अमादलपुर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल सूरजकुंड मंदिर के संत गुणप्रकाश और विनोद भी मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि अमादलपुर स्थित ऐतिहासिक धार्मिक तीर्थस्थल सूरजकुंड मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सूरजकुंड मंदिर के ऐतिहासिक महत्व से अवगत करवाया और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरें समाज की पहचान

उन्होंने कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरें हमारे समाज की पहचान हैं। अमादलपुर सूरजकुंड मंदिर श्रद्धा ओर भक्ति का अद्भुत रूप है।

## निर्धारित सुरक्षा मानकों का करें पालन:कुलदीप

- उपमंडल व्यासपुर प्रशासन ने क्षेत्र के विवाह पैलेस, होटल व पार्टी हालों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला के उपमंडल व्यासपुर प्रशासन द्वारा क्षेत्र में संचालित किए जा रहे विवाह पैलेस, होटल, ढ़ाबो व पार्टी हाल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा विवाह पैलेस, होटल, ढाबों एवं पार्टी हॉल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान संबंधित संस्थानों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक अनुमतियों का रिकॉर्ड चेक किया गया। उपमंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी विनोद, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ व खंड विकास पंचायत अधिकारी श्यामलाल की चार सदस्यीय टीम द्वारा सबसे पहले क्षेत्र में स्थित सात विवाह पैलेस एवं पार्टी हॉलों का निरीक्षण कर उनके स्वामियों का विवरण, बैठने की क्षमता, नगर निकाय, डीटीपी से प्राप्त अनुमति, सीएलयू, नक्शा स्वीकृति, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) अग्निशमन सुरक्षा उपकरण, संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स,एनडीसीए पार्किंग व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। मौके पर एसडीएम कुलदीप सिंह ने सभी संचालकों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं सरकारी नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने संचालकों से कहा कि विवाह समारोहों के दौरान आग एवं अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए।


यमुनानगर। उपमंडल व्यासपुर में क्षेत्र में स्थित होटलों व अन्य संस्थानों का निरीक्षण करने के दौरान रिकार्ड की जांच करते टीम के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## युवा नशे से बचें और अपनी ऊर्जा का सकारात्मक करें प्रयोग: उपायुक्त

- जिला सचिवालय में नशा मुक्त अभियान को लेकर समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में एक्शन प्लान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला को नशा मुक्त करने के लिए एक्शन प्लान को लेकर समीक्षा की गई। उपायुक्त प्रीति ने बैठक की अध्यक्षता की।

उपायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिला को नशा मुक्त करना है। हरियाणा सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में यह मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ड्रग्स विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग के अधिकारियों को अगले एक महीने का एक्शन प्लान तैयार कर समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जन जन तक पहुंचाए जाने व युवाओं को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित नशा मुक्त एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

## फोन चोरी होने के बाद महिला के खाते से निकले 1.97 लाख

**यमुनानगर।** रेल यात्रा के दौरान मोबाइल चोरी होने के बाद मजदूर महिला के बैंक खाते से 1.97 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी मीरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करती हैं और उनका पंजाब एंड सिंध बैंक की दुर्गा गार्डन शाखा में खाता है। 15 जून को वह ट्रेन से उत्तर प्रदेश रिश्तेदारी में जा रही थीं। यात्रा के दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। इसके करीब 11 दिन बाद 22 जून से 26 जून के बीच साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से 12 अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 1.97 लाख रुपये निकाल लिए।

## पेड़-पौधों के अभाव में बढ़ रही गर्मी : झांब

- इनरव्हील क्लब ने पौधरोपण कर सभी को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब की ओर से वीरवार को महाराणा प्रताप पार्क में पौधारोपण अभियान चलाकर सभी को वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया। क्लब की नवनियुक्त प्रधान अनिता झांब के नेतृत्व में सदस्यों ने पार्क में 10 पौधे लगाकर सभी को वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया। प्रधान अनिता झांब ने कहा कि पेड़ पौधों के अभाव के कारण भयंकर गर्मी में ग्लेशियर पिघल रहे हैं। पेड़ पौधों की कमी के कारण आज भयंकर गर्मी का सामना हर किसी को करना पड़ रहा है। यदि ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले समय में दुनिया को बिगड़ते वातावरण से दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रोटरी क्लब सभी को पौधारोपण अभियान चलाने के लिए प्रेरित कर रही है। इस अवसर पर परमजीत कौर, पूजा माटिया, शिवानी, पूजा सिंगला, साक्षी, नेहा सेतिया, नीलम सेठी, रिंकू शर्मा, वीना चोपड़ा, भारती शर्मा व कोमल वर्मा आदि मौजूद थे।


रादौर। पार्क में पौधारोपण करते इनरव्हील क्लब के सदस्य।

## साइबर ठगों ने फैक्ट्री कर्मचारी के बैंक खाते से निकाले 1.79 लाख रुपये

- साइबर ठगों ने सात ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर निकाली राशि

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने एक फैक्ट्री कर्मचारी के बैंक खाते से सात ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर 1.79 लाख रुपये निकाल लिए। मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ति कीर्ति सिंह ने बताया कि वह लोहे की फैक्ट्री में काम करता है। उसका पीएनबी में खाता है।

सात जुलाई को सुबह करीब 11 बजे उसके मोबाइल पर खाते से रुपये कटने का मैसेज आया। काम में व्यस्त होने के कारण उसने दोपहर करीब दो बजे मोबाइल देखा। इसके बाद वह तुरंत बैंक पहुंचा। बैंक में खाते की जांच करने पर शाखा प्रबंधक ने बताया कि छह जुलाई को भी उसके खाते से रकम निकाली गई थी। जांच में सामने आया कि छह और सात जुलाई के दौरान साइबर ठगों ने सात ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर खाते से 1,79 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक अधिकारियों ने पीड़ति की राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने किय दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों, ट्रांजेक्शन की जानकारी और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : सहगल

- पॉलिटेक्निक दामला में 25 पौधे लगाए और संरक्षण की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2026 एवं वन महोत्सव के अंतर्गत पॉलिटेक्निक दामला में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्राचार्य संजीव सहगल ने किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खरबंदा, एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनदीप सिंह, संस्थान के स्टाफ सदस्ययों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान परिसर में 25 पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। प्राचार्य संजीव सहगल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।


यमुनानगर। दामला पॉलिटेक्नीक में पौधारोपण करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

## छात्राएं आपातस्थिति में 112 एप पर तुरंत प्राप्त करें पुलिस सहायता:नीलम

*सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने मुख्य वक्ता के रूप में लिया भाग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की सेफसिटी टीम ने बस स्टैंड यमुनानगर पर कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं व महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

रमौके पर सेफसिटी टीम ने महिलाओं व छात्राओं के मोबाइल पर 112 एप को अपलोड करवाया। ताकि आपातस्थिति में एप पर वह तुरंत पुलिस से सुरक्षा प्राप्त कर सकें। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने भाग लिया। सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक यमुनानगर कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कार्य करते हुए जिला की सेफ सिटी पुलिस टीम ने बस स्टैंड यमुनानगर पर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। एएसआई नीलम ने महिलाओं व छात्राओं को 112 इमरजेंसी सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मौके पर ही कई महिलाओं व छात्राओं के मोबाइल फोन में 112 एप डाउनलोड करवाया और उसके सही उपयोग की प्रक्रिया समझाई। एएसआई नीलम ने बताया कि इस एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वतः पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है। जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि यात्रा के दौरान विशेषकर अकेले सफर करते समय अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई।


यमुनानगर। **बस स्टैंड पर** छात्राओं के मोबाइल पर 112 एप को अपलोड करवाते हुए सेफसिटी टीम की सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### अपराध सहन न करें

एएसआई नीलम ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं को छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील टिप्पणियों, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी अपराध को सहन न करें और बिना किसी झिझक के तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की शिकायतों पर पुलिस द्वारा गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाती है।

## शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला के स्थापना दिवस पर किया हवन

**रादौर।** शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर का 22वां स्थापना दिवस वीरवार को धूमधाम से मनाया गया। कांबोज धर्मशाला के प्रधान वेद प्रकाश कांबोज की देखरेख में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में वैदिक हवन यज्ञ करके शहीद को श्रद्धांजलि भेंट की गई। प्रधान वेद प्रकाश कांबोज ने बताया शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला की स्थापना आज से लगभग 22 वर्ष पहले स्वर्गीय चौधरी मामराज कांबोज बूबका व उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों ने की थी। जो आज पूरे हरियाणा में कांबोज बिरादरी की आन बान शान बनी हुई है। यह धर्मशाला रादौर क्षेत्र के सभी वर्गों के काम आ रही है। कांबोज धर्मशाला के निर्माण में जिन-जिन लोगों ने अपना योगदान दिया है, कांबोज धर्मशाला रादौर की प्रबंधक कमेटी उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कांबोज बिरादरी के लोगों को कांबोज धर्मशाला से जुड़ने का भी आह्वान किया।


यमुनानगर। रादौर में कांबोज धर्मशाला के स्थापना दिवस पर हवन में भाग लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### 96 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

**लाडवा।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव निवारसी में 10 बजे से 4 बजे तक 96 लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई। उपरोक्त जानकारी देते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद 83 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, साथ ही 13 लोगों के रक्त एवं युरिन परीक्षण भी मौके पर ही किए गए।

### 14 से पहले एसआईआर के कार्य करें पूरा : गुरविंद्र

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक गुरविंद्र सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को 14 जुलाई तक पूरा किया जाना है। इस कार्य को सभी सुपरवाइजर समयबद्ध तरीके से पूरा करवाने के लिए अपने-अपने बूथों के बीएलओ के साथ संपर्क में रहें। पिहोवा विधानसभा में एन्यूमरेशन फार्म बांटने का कार्य लगभग पूरा चुका है। अब एन्यूमरेशन फार्म को भरकर जमा करवाया जा रहा है। एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि 21 जुलाई 2026 को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा।

### श्री जयराम विद्यापीठ में जयराम संस्कार कार्यक्रम

**थानेसर।** ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में गुरुकुल परम्परा के अनुसार बड़ी ही श्रद्धा एवं आस्था के साथ उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से हर वर्ष की भांति विद्यापीठ के संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों एवं विद्यार्थियों का मुख्य यज्ञशाला में जनेऊ संस्कार एवं उपनयन संस्कार विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ।

### केयू ने घोषित किए 8 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू परीक्षा शाखा द्वारा मई 2026 में आयोजित 8 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि घोषित परिणामों में बी.टेक (इंस्ट्रूमेंटेशन) आठवां सेमेस्टर, एम.फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर, बी.एड. (स्पेशल एजुकेशन) चतुर्थ सेमेस्टर (फ्रेश), एम.ए. आदि के परिणाम शामिल हैं।

---

### अधूरे निर्माण कार्य के चलते स्थगित, रेल सेफ्टी कमिश्नर ने किया निरीक्षण

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर ट्रेन ट्रायल टला, 10 के बाद संचालन की उम्मीद

### तकनीकी मंजूरी के बाद एलिवेटेड ट्रैक पर जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में वीरवार को एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर ट्रेन का होने वाला ट्रायल टाल दिया गया है। अब यह ट्रायल 2 दिन बाद होने की संभावना है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, अभी एलिवेटेड ट्रैक का काफी काम बकाया है। इस काम को पूरा होने में 1 से 2 दिन का समय लग सकता है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक रहा तो 10 जुलाई के बाद एलिवेटेड ट्रैक पर ट्रायल हो सकता या फिर सीधे ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। वही गत दिवस रेल सेफ्टी कमिश्नर दिनेश चंद देशवाल ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एलिवेटेड ट्रैक की अंतिम जांच की। जांच के लिए यूपी के हापुड़ से मंगवाई गई 8 विशेष ट्रॉलियों का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने पूरे ट्रैक पर स्लो स्पीड से चलकर सारी टेक्निकल और सेफ्टी को बारीकी से परखा। अब रेल सेफ्टी कमिश्नर की मंजूरी के बाद पुरानी और नई रेलवे लाइन को जोड़ने का बड़ा काम शुरू होगा। दिल्ली से लाई गई स्पेशल मशीनों की मदद से जमीन पर बिछी पुरानी पटरियों को काटकर एलिवेटेड ट्रैक की पटरियों से जोड़ा जाएगा। इस काम में 1-2 दिन का समय लग सकता है। इस काम के लिए कुरुक्षेत्र-नरवाना रेल रेलवे लाइन को 8 से 10 घंटे तक ब्लॉक किया जाएगा। इसी दौरान ट्रैक को पूरी तरह जोड़ने का टारगेट रखा गया है। इस काम पूरा होने के बाद नीचे की पुरानी रेलवे लाइन को हटाने काम शुरू होगा। उसके बाद नए एलिवेटेड ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन से किया जाएगा। रेल सेफ्टी कमिश्नर ने गांधी नगर से लेकर मिजार्पुर गांव के पास रेलवे के 79/19 किलोमीटर प्वाइंट तक 5.84 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक की क्वालिटी, सेफ्टी स्टैंडर्ड, रेल संचालन से जुड़ी टेक्निकल सिस्टम और पूरे रूट की जांच की गई। इस दौरान पांचों रेलवे फाटक, एलिवेटेड ट्रैक की ऊंचाई, पुलियों की स्थिति और नीचे से गुजरने वाले रास्तों को देखा गया। इसके अलावा स्टेशन परिसर, टिकट घर, प्लेटफॉर्म और स्टेशन की बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया, ताकि संचालन से पहले किसी तरह की तकनीकी कमी न रहे। हालांकि अभी ट्रैक का काम अधूरा है। अब 10 जुलाई के बाद एलिवेटेड ट्रैक पर नियमित रेल संचालन शुरू होने की उम्मीद है।



**कुरुक्षेत्र।** रेलवे ट्रैक पर बिछी पुरानी पटरी।

#### 17 को प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

कुरुक्षेत्र जंक्शन के स्टेशन मास्टर शंकर लाल मीणा ने बताया कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन 17 जुलाई को प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जींद से करेंगे। हालांकि उद्घाटन से पहले ही ट्रैक पर ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा, ताकि यात्रियों को नई सुविधा का लाभ मिल सके। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शुरू होने के बाद शहर के बीच पड़ने वाले 5 रेलवे फाटक झांसा रोड, कच्चा घेर, शास्त्री मार्केट, एलएनजेपी अस्पताल के सामने वाला फाटक और थर्ड गेट फाटक पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी। साथ ही ट्रेनों की आवाजाही भी पहले से अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगी।

---

### आधार सेवा केंद्र शुरू, संबंधी कार्यों के लिए नहीं जाना पड़ेगा चंडीगढ़



**कुरुक्षेत्र।** आधार सेवा केंद्र के शुभारंभ अवसर पर मौजूद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलेवासियों को अब आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए चंडीगढ़ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सेक्टर-17 स्थित एससीओ नंबर-94 में यूटीआई और बीएलएस इंटरनेशनल द्वारा स्थापित नए आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से लोगों को आधार कार्ड बनवाने, संशोधन कराने और अन्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। शुभारंभ के अवसर पर उपायुक्त का स्वागत यूडीआईडी के निदेशक कर्नल हरमीत सिंह कपूर और रीजनल हेड रजनीश मेहता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। उपायुक्त ने केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की जाएं।

#### चार काउंटर बनाए गए

अधिकारियों ने बताया कि यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित रहेगा। केंद्र में चार काउंटर बनाए गए हैं और लोग ऑनलाइन या ऑफलाइन टोकन लेकर अपने आधार से जुड़े कार्य करवा सकेंगे। बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर स्टाफ बुजुर्गों के घर जाकर भी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। रीजनल मैनेजर रजनीश मेहता ने बताया कि आधार से जुड़े कार्यों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाएगा। डेमोग्राफिक अपडेट के लिए 75 रुपये और बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये निर्धारित हैं। नवजात शिशुओं का आधार कार्ड निशुल्क बनाया जाएगा। केंद्र में 13 कर्मचारियों की तैनाती की गई है तथा मुख्यालय से एक अधिकारी भी नियुक्त किया है।

---

## दिनभर रुक-रुक कर बरसी फुहारें झमाझम बारिश से मौसम सुहावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में वीरवार को सुबह से ही रुक-रुक कर बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहने से धूप नहीं निकली और मौसम पूरी तरह बदला-बदला नजर आया। शाम के समय तेज बारिश होने से पूरे जिले में मौसम सुहावना हो गया। लगातार बारिश के कारण तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने वातावरण में ताजगी घोल दी। हालांकि कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बनी, जिससे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश किसानों के लिए भी काफी लाभदायक मानी जा रही है। जिले में इन दिनों धान की बुवाई और रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन किसानों ने धान की रोपाई पूरी कर ली है, उनके खेतों के लिए यह वर्षा संजीवनी साबित होगी, जबकि जिन खेतों में अभी रोपाई चल रही है, वहां भी पर्याप्त नमी मिलने से कृषि कार्य में तेजी आएगी।



---

## बारिश की फुहारों के बीच गूंजा श्रीकृष्ण नाम

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रथम प्रभात फेरी में उमड़ी श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद एवं विशेष प्रेरणा से गौ सेवा को समर्पित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रथम प्रभात फेरी ने गुरुवार प्रातः नगरवासियों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। गुरुद्वारा रोड स्थित सूरज प्रकाश तनेजा और श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान जगदीश तनेजा के सान्निध्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। प्रातः 4 बजे श्री कृष्ण कृपा मंदिर से प्रभात फेरी श्रीकृष्ण नाम के जयघोष और मधुर भजनों के साथ रवाना हुई। नगर की विभिन्न गलियों से गुजरती हुई यह प्रभात फेरी जब गुरुद्वारा रोड पहुंची, तो तनेजा परिवार ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात गणेश वंदना, गुरु वंदना और राधा नाम संकीर्तन के साथ भजनों की मनमोहक श्रृंखला प्रारंभ हुई। आयोजक जगदीश तनेजा ने जब /"कृष्ण कहने से तर जाएगा, पार भव से उतर जाएगा/" भजन प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु स्मरण में डूब गए।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आयोजक परिवार के सदस्य सूरज प्रकाश तनेजा, जगदीश तनेजा, पुरुषार्थ तनेजा,विनीत सचदेवा, संजय तनेजा, भविष्य, चितवन, राकेश तनेजा, सुदर्शन तनेजा, राजेंद्र अरोड़ा एवं मेहर चंद तनेजा नगर सहित नगर के भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

---



**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन सौपते हेमसा पदाधिकारी।

### हेमसा ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन, दो दिन में वेतन निर्धारण का आश्वासन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा), सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबद्ध जिला कमेटी ने गुरुवार को लंबित वेतन निर्धारण एवं अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डीईओ ने दो दिन के भीतर सभी लंबित मामलों का निपटारा करने का आश्वासन दिया। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान पीतांबर शर्मा ने की, जबकि संचालन सचिव सुशील कुमार ने किया। बैठक में प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान भी मौजूद रहे। पीतांबर शर्मा ने बताया कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा 30 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2020 बैच से पूर्व के वरिष्ठ लिपिकों को तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धि तथा 2020 बैच के लिपिकों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना है। उन्होंने कहा कि पात्र कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के मामले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित होने से उन्हें वित्तीय लाभ मिलने में अनावश्यक देरी हो रही है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने डीईओ को ज्ञापन सौंपकर लंबित मामलों के शीघ्र निपटान की मांग की।

---

## पिपली चिड़ियाघर जाने के लिए अब रॉन्ग साइड जाने की नहीं पड़ेगी जरुरत

### बीड पिपली पुल से जोड़ा रास्ता : धुमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती हैरिटेज विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर बीड़ पिपली सरस्वती नदी पुल के साथ रास्ता बनाकर चिड़ियाघर तक पहुंचाया जा रहा है। ये रास्ता तैयार होने के बाद पिपली चिड़ियाघर जाने वालों को बस स्टैंड से रॉन्ग साइड से होकर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। ऐसा होने से हादसे होने का भय नहीं रहेगा और जाना भी आसान रहेगा। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि दिल्ली या कुरुक्षेत्र की ओर से चिड़यि घर पिपली जाने के लिए बस स्टैंड पिपली के सामने से रॉग साइड होकर जाते हैं, जोकि जाने वालों के लिए बड़ी समस्या है और यहां पर हादसे होने का भी भय बना रहता है। इस समस्या पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संज्ञान लेते हुए समाधान करवाया है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान करते हुए बीड पिपली के पास सरस्वती पुल के नीचे से चिड़यिा जाने के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है। इस रास्ते के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर जाने का रास्ता जल्द ही तैयार हो जाएगा। इसके बाद नागरिकों को रॉग साइड से जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। चिड़ियाघर जाने के लिए पिपली पुल क्रॉस करके सर्विस लाइन से बीड पिपली सरस्वती नदी के पुल के नीचे से चिड़यिा घर जाया जाएगे। इससे काफी नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और हादसे का भय भी खत्म हो जाएगा। इस सौगात पर उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।



---

## हरियाणा सुपर-100 की एक्सटेंडेड 100 सीटों के लिए पंजीकरण प्रारंभ

- 12 जुलाई से प्रवेश-पत्र किए जा सकेंगे डाउनलोड और 14 जुलाई को होगा लेवल-1 प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम के अंतर्गत एक्सटेंडेड 100 सीटों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। जिले के सभी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कक्षा 11 वीं विज्ञान संकाय के ऐसे विद्यार्थियों की पहचान कर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करें, जो कक्षा 10 में सुपर-100 कार्यक्रम के लिए पंजीकरण नहीं कर पाए थे अथवा पंजीकरण के बावजूद लेवल-1 या लेवल-2 प्रवेश परीक्षा में किसी कारणवश सम्मिलित नहीं हो सके थे। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है ताकि वे सुपर-100 कार्यक्रम का हिस्सा बनकर जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क गुणवत्तापूर्ण तैयारी का लाभ उठा सकें। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि सुपर-100 कार्यक्रम का ऑनलाइन पंजीकरण 09 जुलाई 2026 से प्रारम्भ हो चुका है, 12 जुलाई 2026 से प्रवेश-पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे तथा 14 जुलाई 2026 को लेवल-1 प्रवेश परीक्षा कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएगी। सुपर 100 लेवल-1 का परिणाम 17 जुलाई 2026 को घोषित किया जाएगा, 19 जुलाई 2026 को लेवल-2 प्रवेश परीक्षा होगी, 23 जुलाई 2026 को लेवल-2 का परिणाम घोषित किया जाएगा तथा चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं 25 जुलाई 2026 से प्रारम्भ होंगी।

---



### एनआईटी में हुई तीन दिवसीय एफडीपी

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने एनआईटी कुरुक्षेत्र एलुमनाई एसोसिएशन के सहयोग से /"स्टूडेंट मेंटरिंग स्किल्स एंड पॉजिटिव एनवायरनमेंट बिल्डिंग/" विषय पर तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट एवं अपग्रेडेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों की मेंटरिंग क्षमता को सशक्त बनाना, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा परिसर में सहयोगात्मक और समावेशी वातावरण विकसित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगभग 80 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्र मार्गदर्शन, भावनात्मक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, प्रभावी संवाद और व्यवहारिक कौशल से जुड़े विषयों पर व्याख्यान और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए। पहले दिन प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, काउंसलर एवं लाइफ कोच डॉ. गुंजन अरोड़ा ने /"स्टूडेंट मेंटरिंग स्किल्स/" विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि छात्रों के मेंटर, मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। उन्होंने छात्र-केंद्रित मेंटरिंग अपनाने पर बल दिया। दूसरे दिन वरिष्ठ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अतुल कुमार ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को भावनात्मक तनाव के शुरूआती संकेत पहचानने और समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया।

---

**कार्यक्रम** | 55 सदस्यीय टीम के शानदार प्रदर्शन से पहली बार हासिल की राष्ट्रीय उपलब्धि

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विजेता ट्रॉफी से किया था सम्मानित

## राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में केयू ने रचा इतिहास ग्रुप में प्रथम और देशभर में आठवां स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए ग्रुप स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने पहली बार यह गौरव अपने नाम किया और पूरे देश में आठवाँ स्थान प्राप्त कर हरियाणा तथा विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर पर इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। इसके उपरांत विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल ने भी राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं समन्वयकों को हार्दिक बधाई दी।



#### विद्यार्थियों की प्रतिभा तथा शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण

इस प्रतियोगिता के समन्वयक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए. आर. चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की 55 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। टीम के प्रत्येक विद्यार्थी ने अनुशासन, उत्कृष्ट वक्तृत्व, संसदीय परंपराओं की समझ और सामूहिक समर्पण का परिचय देते हुए इस ऐतिहासिक सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई 2026 को संसद भवन, दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विजेता ट्रॉफी प्रदान की। यह सम्मान विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि का प्रतीक बना और समूचे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज बातिश की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके कुशल निर्देशन, सतत प्रशिक्षण और प्रेरणा ने टीम को इस ऐतिहासिक सफलता तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत की अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय भी यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सकीं, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने ग्रुप स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया। विश्वविद्यालय की यह सफलता राष्ट्रीय स्तर पर उसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की प्रतिभा तथा शिक्षकों के समर्पण का सशक्त प्रमाण है। व्यक्तिगत प्रदर्शन में उपासना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवनीत कुमार एवं लुभांशी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। गैलेक्सी एवं अंकित ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पारुल, छवि और अमन संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान पर रहे। इस अवसर पर हरपाल, डॉ. सुरेन्द्र, स्नेहा, शौर्य , किरण, जसमीत, लोकेश आदि भी उपस्थित रहे।

